**-:प्रेस नोट:-**

**दिनांक- 03.06.2025**

# कार्यालय पुलिस अधीक्षक बांदा

- **मानव तस्करी निरोधी इकाई, विशेष किशोर पुलिस इकाई, चाइल्ड हेल्पलाइन, साथी संस्था आदि की संयुक्त टीम द्वारा शहर क्षेत्र में बाल भिक्षावृत्ति के विरुद्ध चलाया गया विशेष चेकिंग एवं जागरुकता अभियान।**

**विवरण-** पुलिस अधीक्षक जनपद बांदा श्री पलाश बंसल निर्देशन आज दिनांक 03.06.2025 को थाना मानव तस्करी निरोधी इकाई (Anti-Human Trafficking Unit-AHTU), विशेष किशोर पुलिस इकाई (Special Juvenile Police Unit-SJPU), चाइल्ड हेल्पलाइन, साथी संस्था, ग्रामीण परम्परा विकास संस्थान आदि की संयुक्त टीम द्वारा शहर क्षेत्र में **बाल भिक्षावृत्ति के विरुद्ध सघन चेकिंग एवं जागरुकता अभियान** चलाया गया। अभियान के दौरान शहर क्षेत्र के संकट मोचन मन्दिर, बस स्टैण्ड, बाबूलाल चौराहा इत्यादि भीड़-भाड़ व सार्वजनिक स्थानों पर चेकिंग की गई। चेकिंग अभियान के दौरान 01 बालिका बाबूलाल चौराहे पर भीख मांगती हुई पाई गई, टीम द्वारा बालिका का जिला अस्पताल बांदा में मेडिकल परीक्षण कराकर बाल कल्याण समिति के समक्ष पेश कर उसके परिजनों को सुपुर्द किया गया तथा भविष्य में बाल भिक्षावृत्ति कराने हेतु उनकों कड़ी चेतावनी दी गई। अभियान के दौरान लोगों को बाल भिक्षावृत्ति कराने हेतु जागरुक किया गया एवं लोगों से अपील की गई कि यदि कोई बच्चा भीख मांगते हुए पाया जाता है तो इसकी सूचना तत्काल **चाइल्ड हेल्पलाइन नम्बर 1098, डायल यूपी-112, या मानव तस्करी निरोधी इकाई के सीयूजी नम्बर-7839862477 पर** दें।